## संक्षिप्त समाचार

### टैक्सी और बाइक की टक्कर, बाइक सवार चोटिल

**नैनीताल, एजेंसी।** मालरोड पर टैक्सी और बाइक की टक्कर में बाइक सवार चोटिल हो गया। सोमवार को मल्लीताल से तल्लीताल को एक टैक्सी आ रही थी। मालरोड पर इंडिया होटल के पास एक बाइक सवार लोअर मालरोड से अपर मालरोड की ओर मुड़ा तो सामने से आई टैक्सी से भिड़ गया। टैक्सी की गति तेज होने के चलते बाइक सवार 50 मीटर घिसटता चला गया। चालक ने टैक्सी रोकी और बाइक सवार को उठाया। इसके बाद टैक्सी चालक और बाइक सवार की बहस होने लगी। सड़क पर भीड़ बढ़ने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि मामले में दोनो पक्षों का समझौता हो गया है।

### संदिग्ध हालात में नाली में मिला लापता कर्मी का शव

**भीमताल, एजेंसी।** रविवार से लापता कर्मचारी का शव सोमवार शाम को संदिग्ध हालात में नगर के इंडस्टीरियल एरिया की नाली में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नैनीताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि सोमवार शाम करीब 5ः30 बजे इंडस्ट्रियल एरिया के पास बहने वाली नाली में महेश चंद्र आर्या (58) निवासी बाईपास जूनस्टेट का शव पड़ा मिला। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के परिजनों ने रविवार को थाने में महेश आर्या के लापता होने की तहरीर दी थी। पुलिस की उनकी खोजबीन कर रही थी। उन्होंने बताया कि मौत के असल कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही चल सकेगा। परिजनों से पूछताछ की जा रही है। मृतक महेश भीमताल स्थित रेशम विभाग में तैनात थे।

### प्रो. अतुल जोशी को कुलसचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी

**नैनीताल, एजेंसी।** डीएसबी परिसर के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी को कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कुलसचिव का अतिरिक्त कार्यभार दिया है। नए कुलसचिव के कार्यभार ग्रहण करने तक प्रो. जोशी इस पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। बीते दिनों शासन की ओर से उच्च शिक्षा के अंतर्गत राजकीय विश्वविद्यालयों में तैनात केंद्रीयकृत सेवा के कार्मिकों की तैनाती में फेरबदल किया गया था। आदेश के तहत दून विश्वविद्यालय देहरादून में कुलसचिव के पद पर तैनात मंगल सिंह मंद्रवाल को कुमाऊं विवि के कुलसचिव पद पर स्थानांतरित किया गया था जबकि कुमाऊं विवि के कुलसचिव दिनेश चंद्रा को श्रीदेव सुमन विवि में कुलसचिव नियुक्ति किया गया है। वर्तमान तक मंगल सिंह मंद्रवाल की ओर से कार्यभार ग्रहण न करने के चलते कुलपति प्रो. रावत ने प्रो. अतुल जोशी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। नए कुलसचिव के आने तक प्रो. अतुल जोशी इस पद कार्य करेंगे।

### बारिश के बाद चारों ओर तबाही का शोर, ग्राम प्रधान की काली करतूत से खुला राज

**नैनीताल, एजेंसी।** कुमाऊं में पांच दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। रुद्रपुर में मंडलायुक्त दीपक रावत और डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत ने ट्रैक्टर पर बैठकर खटीमा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। कुमाऊं में पांच दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ऊधमसिंह नगर के खटीमा, सितारगंज और आसपास के गांवों में तबाही सा मंजर है। एसडीआरएफ और जल पुलिस ने करीब एक हजार लोगों को रेस्क्यू किया। जलभराव में डूबने और नदी में बहने से दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि तीन लापता है वहीं बनबसा के देवीपुरा गांव में 13 साल की बालिका बह गई। प्रदेश के अधिकतर जिलों में मंगलवार को तेज बारिश होने की संभावना है। ऊधमसिंह नगर में आंगनबाड़ी और 12वीं कक्षा तक के स्कूलों के छुट्टी घोषित कर दी गई है। रुद्रपुर में मंडलायुक्त दीपक रावत और डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत ने ट्रैक्टर पर बैठकर खटीमा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने खटीमा बाजार, नगला तराई गांव, मेलाघाट जमौट, प्रतापपुर आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर राहत और बचाव कार्यों का जायजा लिया।

# बारिश के दिए जख्मों पर धूप का मरहम, जलभराव के दौरान भीगी किताबों को सुखाते बच्चे





**नैनीताल, एजेंसी।**
हल्द्वानी में बरसात के कारण जलभराव की दुश्वारियां झेल रहे आंवला चौकी स्थित दुर्गा कॉलोनी के 50 प्रभावित परिवारों के लिए मंगलवार का सूरज बड़ी राहत लेकर आया। हल्द्वानी में बरसात के कारण जलभराव की दुश्वारियां झेल रहे आंवला चौकी स्थित दुर्गा कॉलोनी के 50 प्रभावित परिवारों के लिए मंगलवार का सूरज बड़ी राहत लेकर आया। आपदा के दिए जख्मों से लड़कर प्रभावित फिर से जीवन को संजोने में जुट गए हैं। हालांकि जीवन को फिर से पटरी पर लाना प्रभावितों के लिए चुनौती से कम नहीं है। दुर्गा कॉलोनी में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले मजदूर परिवारों के लिए दो जुलाई की रात भयावह रही। भारी बारिश के चलते पुलिया चोक होने के कारण देर रात कॉलोनी जलमग्न हो गई। घरों में रखा राशन और सामान जलभराव की भेंट चढ़ गया। कई मवेशी भी जलभराव में डूबने से मर गए। लोगों ने किसी बच्चों को बचाया और उन्हें सड़क पर लाए। 30 परिवारों को भारी बारिश के बीच सड़क पर ही रात गुजारनी पड़ी। इन परिवारों को खाने के भी लाले पड़े हैं। प्रशासन की ओर से बांटा गया राशन भी जल्द समाप्त हो गया है। बारिश के चलते लोग मजदूरी के लिए भी नहीं जा सके। मंगलवार को मौसम खुलने पर मजदूर काम पर गए जबकि घर में महिलाओं ने बचाखुचा सामान धूप में सुखाया। प्रभावित चंद्रकला ने बताया कि जलभराव से राशन और सामान खराब हो गया। सांप के काटने से उसकी तीन भैंसें मर गई हैं। इससे रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। चटनी और नमक से रोटी खाकर जीवन गुजार रहे हैं। प्रभावित सुंदर देवी ने बताया कि जलभराव ने सबकुछ खत्म कर दिया। धूप आने पर मजदूरी के लिए जा पाए। रजनी देवी ने बताया कि जलभराव से राशन बर्बाद हो गया। काफी नुकसान कर गई। दुर्गा कॉलोनी निवासी शबनम के जख्म जलभराव ने फिर से ताजा कर दिए। शबनम ने बताया कि बीते साल झोपड़ी में आग लगने से उसकी दिव्यांग बेटी के कागजात जल गए थे। इसके बाद से वह लगातार विभागों के चक्कर काट रही हैं लेकिन उनकी बेटी को दिव्यांग पेंशन नहीं मिल पा रही है।

## टनकपुर में खनन कारोबारी को संदिग्ध हालात में लगी गोली, सीओ बोले- विवाद के चलते भतीजे पर शक



**चम्पावत, एजेंसी।**
टनकपुर में कोतवाली क्षेत्र की ग्राम सभा नायकगोठ में सोमवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में खनन कारोबारी को गोली लग गई। परिजन कारोबारी को गंभीर हालत में उप जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

टनकपुर में कोतवाली क्षेत्र की ग्राम सभा नायकगोठ में सोमवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में खनन कारोबारी को गोली लग गई। परिजन कारोबारी को गंभीर हालत में उप जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन घायल को बरेली के निजी अस्पताल में ले गए। इस मामले में कोतवाली पुलिस को शाम तक किसी ने तहरीर नहीं दी है।

कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय के अनुसार ग्राम सभा नायकगोठ में सोमवार रात करीब 11 बजे गोली लगने से खनन कारोबारी दीपक सिंह उर्फ बिट्ठल घायल हो गया जिसे गंभीर हालत में उप जिला अस्पताल लाया गया। बताया कि डॉ. मानवेंद्र शुक्ला ने घायल का प्राथमिक इलाज किया।

डॉ. शुक्ला ने बताया कि गोली सीने में लगी है, हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया। इसके बाद परिजन उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए। सूचना पर रात में ही कोतवाल उपाध्याय और एसएसआई सुरेंद्र सिंह ने नायकगोठ पहुंचकर घटना की जानकारी ली। कोतवाल ने बताया कि अभी तहरीर नहीं आई है। किसी विवाद में घायल के भतीजे पर ही गोली चलाने का शक है।

## नवाबी रोड में तेंदुए के पहुंचने से दहशत

**हल्द्वानी, एजेंसी।** शहर से लगे आबादी क्षेत्र में बार-बार तेंदुआ दिखाई दे रहा है। तेंदुआ दिखने के कारण लोगों में दहशत है। रविवार रात जोशी गार्डन नवाबी रोड में तेंदुआ करीब एक घंटा बैठा रहा। गार्ड के शोर करने पर तेंदुआ चला गया। वन विभाग की टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। वन विभाग की टीम बाजार क्षेत्र में मुनादी और गश्त कर रही है।

जोशी गार्डन निवासी दिग्विजय बिष्ट ने बताया कि रविवार रात गार्ड को चहारदीवारी के पीलर में तेंदुआ बैठा दिखाई दिया। तेंदुए के शोर करने पर वह भाग गया। उधर नवाबी रोड, सखावत गंज, भट्ट कॉलोनी क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक की सूचना वन विभाग तक पहुंची। वन विभाग की टीम वनक्षेत्राधिकारी हल्द्वानी आनंद कुमार के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। टीम ने वहां पदचिह्न ढूंढने की कोशिश की लेकिन बारिश के कारण कोई सुराग नहीं मिला। उधर टीम ने आसपास के क्षेत्र में मुनादी कराई।

## बारिश में भी शहर ड्राई जोन, पानी के लिए तरसे 50 हजार लोग

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
गौला आधारित पेयजल योजना से पानी नहीं मिलने से शहर ड्राई जोन है। सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी लोगों को पानी नसीब नहीं हुआ। ऐसे में जल संस्थान के शीशमहल और शीतलाहाट प्लांट से पेयजल आपूर्ति बाधित रही। वहीं जल संस्थान के तिकोनिया कार्यालय स्थित ओवरहेड टैंक का पानी खत्म होने और नलकूप का संचालन बाधित होने से टैंकरों को पानी भरने के लिए देर रात तक इंतजार करना पड़ा। जिससे कई इलाकों में पर्याप्त पानी नहीं मिल सका। पानी भरने के लिए टैंकर संचालकों के बीच तनातनी देखी गई। गौला आधारित पेयजल योजना के शीशमहल प्लांट से रामपुर रोड, लालडांठ, आवास विकास, इंदिरानगर, बरेली रोड और कुसुमखेड़ा से हीरानगर तक शहर की 50 हजार की आबादी को फिल्टर का पानी मिलता है। कई दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से गौला में सिल्ट बढ़ गया, जिसके चलते 48 घंटे के बाद भी लोगों के कंठ सूखे रहे। आम दिनों में शीशमहल से पानी भरा जाता है, लेकिन दो दिनों से प्लांट का संचालन ठप होने के बाद पूरा दबाव तिकोनिया कार्यालय स्थित नलकूप पर आ गया है। दिनभर में 35 टैंकरों में छह फेरे पानी भरने के बाद शाम को ओवरहेड टैंक खाली हो गया। विभाग के अनुसार बिजली जाने के कारण समस्या हुई।

जल संस्थान ने सोमवार को प्रभावित क्षेत्रों में 35 टैंकरों से पानी बांटा। सहायक अभियंता रविंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार को तिकोनिया स्थित नलकूप से ही पानी की आपूर्ति कराई गई है। दिन में दो से चार बजे तक बिजली जाने के कारण नलकूप का संचालन रुका था। इस वजह से कार्यालय स्थित ओवरहेड टैंक खाली हो गया।

कमलुवागांजा में पावर ट्रांसफार्मर की बूशिंग टूटने से और ऊंचापुल फीडर का ब्रेकर ब्लास्ट होने से रात दो बजे से बिजली गुल हो गई। जिससे छह हजार की आबादी को परेशान होना पड़ा। सोमवार सुबह 10 बजे फीडर दुरुस्त होने के बाद बिजली की आपूर्ति सुचारु की गई। ऊर्जा निगम के ईई डीडी पांगती ने बताया कि तकनककी दिक्कतों के चलते बिजली आपूर्ति प्रभावित रही।

बारिश के दौरान आए फॉल्ट को ढूंढने में परेशानी बनी रही। नगर क्षेत्र में सोमवार को तिकोनिया फीडर से शाम पांच बजे से पौन घंटे तक आपूर्ति प्रभावित रही।

## मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना का खिलाड़ियों को मिलेगा लाभ

**भीमताल, एजेंसी।**
सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने मंगलवार को विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री उदीयमान खिला?ी उन्नयन योजना को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। सीडीओ ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को 24 जुलाई तक न्याय पंचायत, विकासखंड, नगरपालिका और नगर निगम स्तर के चयन ट्रायल पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके बाद 25, 26 और 27 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में जिला स्तरीय चयन ट्रायल आयोजित करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने जिला क्रीड़ा अधिकारी नैनीताल को 10 जुलाई को सभी खेल समन्वयकों का जरूरी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने और चयन ट्रायल से संबंधित प्रपत्र और उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सफल आयोजन के लिए सीएमओ, ईई जल संस्थान और जिला युवा कल्याण अधिकारी को संबंधित कार्यों के लिए नामित किया गया। सीडीओ ने बताया कि सभी विद्यालयों से प्रत्येक आयु वर्ग के 2-2 बालक और बालिकाओं का चयन प्रधानाचार्य और प्रधानाध्यापक की ओर से किया जाएगा जो न्याय पंचायत स्तर खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कहा कि एक न्याय पंचायत से 12 बालक और 12 बालिकाओं (जिलेभर से 300 बच्चे) का चयन कर सूची और अभिलेख विकासखंड स्तर की चयन समिति को चयन ट्रायल की तिथि से पहले उपलब्ध कराई जाए। बताया कि योजना के तहत चयनित खिलाड़ियों को 1500 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी। निर्मला पंत, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी, उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, जिला खेल समन्वयक राहुल पंवार, पूरन नयाल आदि रहे।


## नवाबी रोड में तेंदुए के पहुंचने से दहशत

**हल्द्वानी, एजेंसी।** शहर से लगे आबादी क्षेत्र में बार-बार तेंदुआ दिखाई दे रहा है। तेंदुआ दिखने के कारण लोगों में दहशत है। रविवार रात जोशी गार्डन नवाबी रोड में तेंदुआ करीब एक घंटा बैठा रहा। गार्ड के शोर करने पर तेंदुआ चला गया। वन विभाग की टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। वन विभाग की टीम बाजार क्षेत्र में मुनादी और गश्त कर रही है।

जोशी गार्डन निवासी दिग्विजय बिष्ट ने बताया कि रविवार रात गार्ड को चहारदीवारी के पीलर में तेंदुआ बैठा दिखाई दिया। तेंदुए के शोर करने पर वह भाग गया। उधर नवाबी रोड, सखावत गंज, भट्ट कॉलोनी क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक की सूचना वन विभाग तक पहुंची।


## तेंदुए ने दो दिन में 18 बकरियों को मारा, ग्रामीणों में दहशत

**लोहाघाट (चंपावत), एजेंसी।**
विकास खंड बाराकोट के रैघांव में तेंदुए का आतंक खत्म नहीं हो पा रहा है। तेंदुए ने दो दिनों में गोठ में घुसकर 18 बकरियों को मार डाला। तेंदुए के हमले के बाद से ग्रामीण सहमे हुए हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

प्रधान नेहा अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता धन सिंह अधिकारी ने बताया कि रविवार रात तेंदुआ रैघांव के त्रिलोक सिंह पुत्र मानसिंह की गोठ में घुस गया। तेंदुए ने एक-एक 12 बकरियों को मार दिया। बकरियों की आवाज सुनकर जब ग्रामीण गोशाला में पहुंचे तो तेंदुआ गोठ के रोशनदान से कूदकर जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पूर्व शनिवार रात भी तेंदुए ने प्रताप सिंह पुत्र मान सिंह की छह बकरियों को निवाला बनाया था। तेंदुए के लगातार बढ़ रहे आतंक से गांव में दहशत है।

ग्रामीण दिनेश सिंह, प्रकाश सिंह, महेश सिंह, लड़ीधुरा शैक्षिक मंच के अध्यक्ष नगेंद्र जोशी ने वन विभाग से पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने और पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। काली कुमाऊं वन क्षेत्र के रेंजर राजेश कुमार जोशी ने बताया कि घटना के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया।

## गैस गोदाम मार्ग के सुधारीकरण की मांग पर दिया धरना

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
नगर के गैस गोदाम मार्ग की बदहाली से नाराज लोगों ने कीचड़ से पटी सड़क पर धरना दिया। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जल्द सड़क सुधारीकरण का आश्वासन दिया। लोगों ने चेतावनी दी कि तय समय पर डामरीकरण शुरू नहीं हुआ तो चक्का जाम करेंगे। मंगलवार को पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक के नेतृत्व में लोग बदहाल गैस गोदाम सड़क पर एकत्र हुए और धरना दिया। कर्नाटक ने कहा कि वह पूर्व में इस सड़क सुधारीकरण की मांग पर जिलाधिकारी से मिले थे। तब इसका प्रस्ताव जिला योजना में शामिल किया गया था। अब तक



लोनिवि ने मामले पर कोई कार्रवाई नहीं की है। सड़क पर धरना देने की जानकारी मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे सड़क सुधारीकरण का लिखित आश्वासन देने की मांग पर अड़े रहे। लोगों के आक्रोश को देखते हुए लोनिवि के अधिकारियों ने मौके पर जल्द उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें धरने से उठाया। इस मौके पर रमेश जोशी, दीपक पोखरिया, रोहित शैली, राकेश बिष्ट, अमर बोरा, हेम जोशी, हिमांशु कनवाल आदि मौजूद रहे।

## हंगामे के बीच शिक्षकों के अनिवार्य स्थानांतरण की काउंसिलिंग

**भीमताल (नैनीताल), एजेंसी।** शिक्षा विभाग कार्यालय में सोमवार को वार्षिक अनिवार्य स्थानांतरण प्रक्रिया की काउंसलिंग में शिक्षक संघ ने रिक्तियों को लेकर विरोध जाहिर किया। शिक्षकों के हंगामे के चलते काउंसलिंग प्रभावित रही। सीडीओ अशोक कुमार पांडे की अध्यक्षता में हुई काउंसलिंग में सुगम से दुर्गम श्रेणी के अंतर्गत रिक्त पदों के सापेक्ष काउसलिंग प्रक्रिया पूरी की गई। प्रधानाध्यापक के पदों पर काउंसलिंग शुरू होने पर शिक्षकों ने सवाल खड़े किए। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि रिक्तियों के सापेक्ष जब चार पदों पर स्थानांतरण होने थे तो प्रकाशित विज्ञप्ति में 55 शिक्षकों को क्यों बुलाया गया। इसको लेकर शिक्षकों ने अपना विरोध जाहिर किया। कहा कि ऐसे में 20 से 25 वर्षो से दूरस्थ विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापक कभी स्थानांतरण का लाभ नहीं ले पाएंगे। सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने बताया कि शिक्षकों के स्थानांतरण नियमों के तहत ही किए जाएंगे।

## जिले में चार घंटे ठप रही संचार सेवा, डेढ़ लाख उपभोक्ता हुए परेशान

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
नैनीताल जिले में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की सेवा सोमवार दोपहर 2ः30 बजे से ठप हो गई। इससे जिले में बीएसएनएल के करीब डेढ़ लाख से अधिक उपभोक्ताओं का संचार संपर्क कटा रहा। कंट्रोल रूम में बीएसएनएल के फोन और लैंडलाइन भी शोपीस बने रहे जिससे आपदा प्रबंधन विभाग को दिक्कत झेलनी पड़ी।

संचार सेवा ठप रहने से सरकारी और निजी संस्थानों में कामकाज प्रभावित रहा। संचार सेवा ठप होने से बीएसएनएल सिम वाले मोबाइल, लैंड लाइन, ब्रॉडबैंड शोपीस हो गए। शाम 7 बजे बाद दोबारा से संचार सेवा बहाल हुई। बीएसएनएल के डीजीएम भीम बहादुर ने बताया कि कालाढूंगी से पहले भारी बारिश के दौरान पुलिया क्षतिग्रस्त होने के साथ ही ओएफसी केबल बह गई। इस कारण दोपहर ढाई बजे से संचार सेवा ठप रही। बताया कि तकनीशियन की टीम ने शाम 6ः30 बजे ओएफसी दुरुस्त कर सेवा बहाल की। संवाद

दो दिन से हो रही बारिश के कारण काठगोदाम पुल के पास पहाड़ी से भूस्खलन का मलबा गौलापार नहर में गिर रहा है। इससे नहर को खतरा हो गया है। बीतें दिनों गौलापार नहर की मरम्मत का कार्य किया गया। भूस्खलन से बचाव के लिए नहर को कवर किया गया है ताकि नहर ब्लॉक न हो लेकिन बरसात के चलते पहाड़ी से बोल्डर नहर में गिर रहे हैं। सिंचाई विभाग के एसडीओ सुभाष जोशी ने बताया कि गौलापार नहर को कवर कर मजबूत किया है। छोटे बोल्डर गिरने से नुकसान नहीं होगा।

# दिल्ली-एनसीआर में आलू को छोड़कर कोई सब्जी 50 रुपए किलो से कम नहीं, भिंडी शतक पार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली-एनसीआर में मानसून शुरू होने से पहले ही हरी सब्जियों के भाव आसमान छूना शुरू कर दिया है। नोएडा, दिल्ली, गाजियाबाद सहित पूरे एनसीआर में सब्जी के रेट एक जैसा है। कोई भी सब्जी 60 रुपये किलो से काम नहीं है। वहीं, अधिकतम 500 रुपये किलो तक की सब्जी बिक रही है। दुकानदारों का मानना है कि 80 प्रतिशत बिजनेस पर मंहगाई का प्रभाव पड़ा है।

आम लोगों का कहना है कि जहां वो सब्जियां किलो में खरीदा करते थे। वहीं अब वह सब्जियों को ग्राम में खरीदने लगे हैं। सब्जियों के बढ़ते दाम को लेकर जब नोएडा के एक सब्जी मार्केट में दुकानदारों से बात की गई तो, उन्होंने बताया कि सब्जियों के अत्यधिक दाम होने के चलते ग्राहकों की संख्या में भी काफी कमी आई है। पिछले साल की तुलना में इस साल सभी सब्जियों के दाम 2 गुना से अधिक हो गए हैं। दुकानदार यह भी बताते हैं कि आने वाले कुछ दिनों में सब्जियों के दाम घटने की जगह बढ़ भी सकते हैं।

हरी मिर्च खरीदने वालों के चेहरे हुए लालः घर में कोई भी सब्जी बने हर सब्जी में हरी मिर्ची का प्रयोग किया जाता है, पर आज के समय में हरी मिर्च के दाम 160 रुपये किलो हो गए हैं। वहीं, टमाटर का दाम इस कदर बढ़ा है कि उसका कलर और अधिक लाल हो गया है और रेट 100 रुपये हैं। इसके साथ ही आलू भी अब 50 रुपये किलो बिक रहा है। चाय का टेस्ट बनाने वाली अदरक भी अब 280 रुपये किलो बिक रही है।

वहीं, करेला भी 80 रुपये किलो बिक रहा है। शिमला मिर्च देखने में भले ही हरि है, पर 120 रुपये किलो मिल रही है। मूली 80 रुपये किलो बिक रही है। सब्जी विक्रेता मनोज और रोहित के साथ ही ग्राहक आनंद बिष्ट ने बताया कि सब्जियों को खरीदने से पहले लोग उसके रेट पूछ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ ग्राहक ऐसे भी है जो सब्जियों के दाम पूछ कर चले जाते हैं।

सब्जियों की कीमत में भारी उछाल पर दुकानदारों ने कहाः नोएडा में सब्जी विक्रेता मनोज और रोहित के साथ ही ग्राहक आनंद विष्ट ने बढ़ी हुई सब्जियां के दाम पर बताया कि पूरे दिन जहां सब्जियों के दाम कम होने पर ग्राहकों की भीड़ लगी रहती थी। वहीं अब एक-एक दो-दो करके ग्राहक आते हैं और सब्जियों की मात्रा कम से कम में खरीदते हैं। जहां ग्राहक आलू, टमाटर, प्याज किलो में खरीदा करते थे।

वहीं, अब वह ढाई सौ ग्राम और आधा किलो में खरीद रहे हैं। प्याज जहां आम दिनों में 20 से 25 रुपये किलो बिकती थी। वहीं अब 50 से 60 रुपए किलो बिक रही है। सब्जी में धनिया का प्रयोग जहां आम हुआ करता था और सब्जी विक्रेता ग्राहकों को फ्री में दिया करते थे। वहीं, अब धनिया का रेट 300 रुपये किलो चल रहा है। दुकानदारों ने यह भी बताया कि यह किसी एक मार्केट का हाल नहीं है, बल्कि सभी जगह का यही हाल है। सब्जियों के दाम बढ़ने से आमदनी भी काफी कम हो गई है। मंडी में भी सब्जियों के रेट अत्यधिक चल रहे हैं।

रसोई पर महंगाई की मारः

| सब्जी | सब्जी के रेट (प्रतिकिलो) |
|---|---|
| हरी मिर्च | 160 |
| टमाटर | 100 |
| प्याज | 50 से 60 |
| आलू | 40 से 50 |
| धनिया | 300 |
| विन्स | 200 |
| फूलगोभी | 160 |
| अदरक | 280 |
| लहसुन | 280 |

| सब्जी | सब्जी के रेट (प्रतिकिलो) |
|---|---|
| तोरी | 80 |
| भिंडी | 120 |
| परवल | 80 |
| बैगन | 80 |
| करेला | 80 |
| टिंडा | 120 |
| शिमला मिर्च | 120 |
| ब्रोकली | 500 |
| मूली | 80 |

नोटः सब्जियों के दाम नोएडा सेक्टर-12 और दिल्ली के आजादपुर मंडी, केशोपुर मंडी, गाजीपुर सब्जी मंडी से ली गई है।

# नजफगढ़ में पहली एमसीडी पार्किंग शुरू, जाम से मिलेगा छुटकारा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता





दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने नजफगढ़ जोन में एमसीडी के पहले पार्किंग का उद्घाटन किया। इस मौके पर बीजेपी सांसद कमलजीत सहरावत भी मौजूद रही। उन्होंने बताया लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने की इस इलाके में एमसीडी की पहली पार्किंग है और आगे भी इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे।

नजफगढ़ इलाके के फिरनी रोड पर रोज लगने वाले जाम की समस्या को खत्म करने के लिए एमसीडी की तरफ से पहल की गई है। और इस पहल के तहत वहां कार और बाइक की पहली पार्किंग की शुरूआत एमसीडी द्वारा की गई है। इस पार्किंग का उद्घाटन दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और नवनिर्वाचित सांसद कमलजीत सेहरावत ने किया। इन्होंने कहा कि इस इलाके में जाम की समस्या से लोग काफी समय से परेशान हो रहे थे लेकिन स्थानीय भाजपा पार्षद द्वारा प्रयास के बाद इस पार्किंग का उद्घाटन हो पाया है। इससे फिरनी रोड और आसपास के इलाकों में लोगों को जाम से राहत मिलेगी साथ ही इस काम के लिए पार्षद की सराहना की उनसे मिली जानकारी के अनुसार इसमें 90 कार और 50 टू व्हीलर खड़े हो सकेंगे। जिससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष ने कहा कि कुछ लोग यहां अवैध रूप से कब्जा करने की फिराक में थे लेकिन स्थानीय पार्षद ने बेहतरीन काम किया है। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि एमसीडी में उनकी सत्ता नहीं रहने के बावजूद बीजेपी के लोग लगातार जनता से जुड़े काम कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। दरअसल यह जमीन पहले मेट्रो के पास थी लेकिन पार्किंग के उद्देश्य से ही एमसीडी ने मेट्रो से यह जमीन ले ली लेकिन काफी समय तक इस पर काम नहीं हो सका और इस बीच इस खाली पड़ी जमीन पर कुछ लोग अवैध रूप से अतिक्रमण करने की फिराक में थे लेकिन अब एमसीडी नहीं यहां पार्किंग बनाकर लोगों के लिए बड़ी सुविधा दी है।

# दिल्ली में दो नवजात बच्चियों को मारकर दफनाने के मामले में पिता गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के पूठ कला गांव में एक शख्स ने 4 जून को अपनी नवजात जुड़वा बेटियों को कथित तौर पर हत्या कर दफना दिया था। आरोपी पिता नीरज सोलंकी (32) अपनी बेटियों की कथित तौर पर हत्या करने के बाद से फरार चल रहा था। जसिको आज हरयिाणा के सांपला से क्राइम ब्रांच की टीम ने गरिफ्तार कर लयिा है। आरोपी के खलिाफ सुल्तानपुरी थाने में 21 जून को अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी नीरज सोलंकी को पकड़ने के लएि दल्लिीर पुलसि लगातार उसकी तलाश में जुटी थी लेकिन वह गिरफ्तारी से बचने के लिए दिल्ली और हरियाणा में अपने ठिकानों को बहुत जल्दी जल्दी बदल रहा था। क्राइम ब्रांच की नई दिल्ली रेंज की टीम ने अब जुड़वा बच्बिहुयों के हत्योरे पिता को धरदबोचने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस के अनुसार आरोपी नीरज सोलंकी दिल्ली यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट है। वह कुछ काम नहीं करता है और वह सिर्फ अपनी किराए की प्रॉपर्टीज से ही अपना खर्च चला रहा है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपयुक्त अमित गोयल के मुताबिक सुल्तानपुरी थाना पुलिस को 3 जून को पीसीआर कॉल मिली थी। इसमें कॉलर ने बताया था कि उसके जीजा ने अपनी तीन दिन की ट्विंस लड़कियों को मार कर श्मशान घाट में दफना दिया है। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने श्म शान घाट से बच्मिशायों के शव को बाहर नकािलने के लिए एसडीएम की अनुमति मांगी। श्मशशान घाट पर पुलसि बल तैनात कयिा गया और अनुमत मलिने के बाद दोनों बच्चियों के शवों को बाहर निकाला गया। इसके बाद बच्चियों के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया और बाद में उनको उसके मामा को सौंप दिया गया। मृतक बच्ि पयों की मां, रोहतक के गांव इस्मिला की रहने वाली है। उसकी शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। इस जघन्यम मामले की जांच क्राइम ब्रांच टीम को सौंपी गई।

आरोपी बार बार बदल रहा था लोकेशनः टीम ने फरार चल रहे आरोपी पिता नीरज का पता लगाने के लएि सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की। आरोपी को पकड़ने के लिए एसीपी उमेश बर्थवाल के समग्र देखरेख में इंस्पेक्टर योगेश और विनोद यादव के निरीक्षण में टीम का गठन किया गया। टीम ने आरोपी की जानकारी जुटाने के लिए कई टेक्निकल डेटा को खंगालने का काम किया और पता चला कि आरोपी पुलिस को चकमा देने और गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपने मोबाइल हैंडसेट, समि और ठिकानों को बदल रहा है। आरोपी की तलाश में दिल्ली और हरियाणा में कई जगह पर छापेमारी की गई और आखिर में आरोपी नीरज सोलंकी को हरयिाणा के सांपला से दबोच लयिा गया।

# निजी लाभ के लिए याचिका दायर की



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली हाईकोर्ट ने निजी लाभ के लिए रिट याचिका दायर करने के मामले में एक शख्स को अवमानना का दोषी ठहराया है। कोर्ट ने एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाते हुए स्थगन तक न्यायालय में खड़े रहने की सजा सुनाई। जुमार्ने के पैसे दिल्ली उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति में जमा होंगे। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने अपने आदेश में व्यक्ति की चिकित्सा स्थिति, आयु, पश्चाताप तथा क्षमा याचना की अभिव्यक्ति पर विचार किया। पीठ ने कहा कि अवमानना करने वाले को आज न्यायालय उठने तक यही रहने की सजा सुनाई जाती है। दरअसल, प्रदीप अग्रवाल ने कुछ भूमि पर कथित अनधिकृत निर्माण को लेकर सरकारी अधिकारियों और दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए एक रिट याचिका दायर की थी। इस याचिका के बाद प्रदीप के खिलाफ एकल न्यायाधीश के समक्ष भी याचिका दायर की गई। इसमें कहा गया कि प्रदीप ने हाईकोर्ट से मामला वापस लेने के लिए 50 लाख रुपये की मांग की थी। इसके साक्ष्य भी प्रस्तुत किए गए। पीठ ने तमाम तथ्यों पर गौर करने के बाद प्रदीप को अवमानना का दोषी पाया।

# वैंकटेश्वरा मे मेलेनिन सिम्पोजियम विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा/गजरौला। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के विम्स (वैंकटेश्वरा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) के चर्म रोग विभाग द्वारा मेलेनिन सिम्पोजियम विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, लखनऊ समेत देश के विभिन्न हिस्सों से आये वरिष्ठ डेमेटोलोजिस्ट (चर्म रोग विशेषज्ञों) ने मेलेनिन की असमान्यता (कमी या अधिकता) से होने वाले विभिन्न खतरनाक रोगों की सटीक जाँच एवं ह्लनवीनतम उपचार तकनीकोंह्व पर व्यापक चर्चा करते हुए विभिन्न त्वचा रोगों के डायग्नोसिस पर प्रकाश डाला। श्री वैंकटेश्वरा संस्थान के डा. बिधान चन्द्र राय सभागार में ह्लमेलेनिन सिम्पोजियमह्व विषय पर आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय चिकित्सा कार्यशाला का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, डीन मेडिकल डा. अतुल वर्मा, विम्स चर्म रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डा. प्रज्ञा कुशवाहा, कार्यशाला संयोजक डा. रोहन त्यागी, डा. अरविन्द कृष्णा, डा. ए.बी.डेविड आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में डा. ए.बी.डेविड ने कहा कि मेलेनिन एक प्राकृतिक रंग वर्णक है जो कि हमारी त्वचा को कलर प्रदान करता है। इसकी असमान्यता (कमी या अधिकता) से विटिलिगो, एल्बिनिज्म, मेलेसिमा जैसी गंभीर बीमारियाँ जन्म लेती है। यदि समय से जाँच कराकर सही उपचार ना लिया जाये तो यह घातक बिमारी का रूप ले लेती है` जिसमे स्किन खराब होने के साथ-साथ भैंगापन एवं दृष्टिदोष भी उत्पन्न हो जाते है। राष्ट्रीय कार्यशाला को डा. आकांक्षा आस्तिक, डा. दीक्षा अग्रवाल, डा. रोहन त्यागी, डा. अमरजीत वर्मा, डा. सचिन अग्रवाल, डा. जूही कैथवास, डा. प्रज्ञा कुशवाहा, डा. अनुराग प्रधान आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर एम.एस. डा. आई.बी. राजू, डीन एकेडेमिक डा. संजीव भट्ट, डा. सची अहलावत, डा. प्रताप सिंह मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## दिल्ली सरकार ने दलित कल्याण फंड में भी घोटाला किया : राजकुमार आनंद

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल सरकार में मंत्री रह चुके राजकुमार आनंद ने बुधवार को भाजपा का दामन थामने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर दलितों के साथ धोखा और छल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वह केजरीवाल सरकार में मंत्री थे। लेकिन, दलितों का कोई काम नहीं हो पा रहा था। वह लगातार दलितों के हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर केजरीवाल के पास जाते थे। लेकिन, दलितों का काम करने में उनकी रुचि नहीं है। दिल्ली सरकार में दलित कल्याण फंड में भी घोटाला किया गया, इसलिए उन्होंने केजरीवाल सरकार के मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। यहां तक कि दलितों के नाम पर दिल्ली और पंजाब में सरकार बनाने के बावजूद केजरीवाल ने एक भी दलित को राज्यसभा सांसद नहीं बनाया। राजकुमार आनंद ने अप्रैल में आप सरकार से इस्तीफा देने के बाद बसपा का दामन थामा था। लेकिन, बुधवार को उन्होंने अपनी पत्नी वीणा आनंद के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इन दोनों नेताओं के साथ-साथ आप विधायक करतार सिंह तंवर, आप पार्षद उमेद सिंह फोगाट और आप नेता रत्नेश गुप्ता सहित कई आप नेताओं ने भी भाजपा का दामन थाम लिया।

# दिल्ली सरकार ने दलित कल्याण फंड में भी घोटाला किया : राजकुमार आनंद

अरविंद केजरीवाल सरकार में मंत्री रह चुके राजकुमार आनंद ने बुधवार को भाजपा का दामन थामने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर दलितों के साथ धोखा और छल करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि वह केजरीवाल सरकार में मंत्री थे। लेकिन, दलितों का कोई काम नहीं हो पा रहा था। वह लगातार दलितों के हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर केजरीवाल के पास जाते थे। लेकिन, दलितों का काम करने में उनकी रुचि नहीं है। दिल्ली सरकार में दलित कल्याण फंड में भी घोटाला किया गया, इसलिए उन्होंने केजरीवाल सरकार के मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। यहां तक कि दलितों के नाम पर दिल्ली और पंजाब में सरकार बनाने के बावजूद केजरीवाल ने एक भी दलित को राज्यसभा सांसद नहीं बनाया।

राजकुमार आनंद ने अप्रैल में आप सरकार से इस्तीफा देने के बाद बसपा का दामन थामा था। लेकिन, बुधवार को उन्होंने अपनी पत्नी वीणा आनंद के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इन दोनों नेताओं के साथ-साथ आप विधायक करतार सिंह तंवर, आप पार्षद उमेद सिंह फोगाट और आप नेता रत्नेश गुप्ता सहित कई आप नेताओं ने भी भाजपा का दामन थाम लिया।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह, भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और संजय मयूख की उपस्थिति में इन नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा में शामिल होने के बाद आप विधायक करतार सिंह तंवर ने अरविंद केजरीवाल पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के नाम पर सत्ता में आने वाले आज खुद भ्रष्टाचार कर रहे हैं। इन्होंने दिल्ली को नरक बना दिया है और दिल्ली की जनता के विश्वास और भरोसे को तोड़ा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर दिल्ली की जनता के साथ धोखा और छल करने का आरोप लगाते हुए पूरे समर्पण से भाजपा के साथ काम करने की बात कही। वहीं, राजकुमार आनंद ने दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी में शामिल होने को अपने लिए गर्व की बात बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे पीएम मोदी के विजन को सीधे दिल्ली की जनता से कनेक्ट करने के लिए काम करेंगे।

# महिला की मौत के बाद जीटीबी अस्पताल के चिकित्सकों पर हमले के आरोप में परिजनों पर मामला दर्ज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के एक सरकारी अस्पताल में प्रसव के बाद सर्जरी के दौरान महिला की मौत होने के बाद हंगामा करने और चिकित्सकों तथा कर्मचारियों पर हमला करने के आरोप में मृतका के परिवार के सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना मंगलवार को सुबह पूर्वी दिल्ली के शाहदरा इलाके में स्थित गुरु तेग बहादुर अस्पताल (जीटीबी) में हुई। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, हथियार लिए हुए 50 से 70 लोगों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया, संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और चिकित्सकों तथा कर्मचारियों पर हमला किया। बयान में कहा गया कि सोमवार की रात को बच्चे को जन्म देने के बाद अस्पताल में भर्ती महिला की सर्जरी के दौरान मौत हो गई जिससे गुस्साए उसके परिजनों ने मंगलवार को सुबह चिकित्सकों पर हमला कर दिया।

पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि मंगलवार देर रात अस्पताल प्रबंधन की ओर से शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद भारतीय न्याय संहिता की धारा 221 (लोक सेवक के कार्यों में बाधा डालना) और 132/3 (5) (लोक सेवक पर उसके के काम में बाधा डालने के लिए हमला करना या आपराधिक बल का प्रयोग करना) के तहत मामला दर्ज किया गया। चौधरी ने बताया कि मंगलवार को सुबह जीटीबी एन्क्लेव थाने में अस्पताल से सूचना प्राप्त हुई कि एक मृतक मरीज के तीमारदार अस्पताल में हंगामा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू किया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपियों की पहचान महिला के पति जुबैर (20), जुबैर के भाई मोहम्मद शोएब (24) और महिला के पिता मोहम्मद नौशाद (57) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित कर दी गई है। इसी बीच, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज (यूसीएमएस) और जीटीबी अस्पताल के सीनियर और जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों का कहना है कि हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अस्पताल में पुख्ता सुरक्षा प्रबंध की मांग की जा रही है। हड़ताल के दौरान वे सिर्फ आपातकालीन सेवाओं के लिए उपलब्ध रहेंगे। आरडीए अध्यक्ष डॉ. नितीश कुमार ने एक बयान में कहा, चिकित्सकों की हड़ताल तब तक जारी रहेगी, जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं। इसमें कहा गया है, चिकित्सक आरोपियों की गिरफ्तारी, बाउंसर की तैनाती के साथ सुरक्षा को मजबूत करने, अस्पताल के गेट पर तीमारदारों को प्रतिबंधित करने, हर 4-5 घंटे में नियमित पुलिस गश्त और आपातकालीन सेवा क्षेत्र में पैनिक बटन लगाने आदि की मांग कर रहे हैं।

# ए.बी.वी.पी. संगठन छात्रों को अनुशासित और जागरूक करता है: पियूष रस्तौगी

## छात्र ,छात्राओं के हितों की आवाज उठता स ए.बी.वी.पी: शानू शेख

प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना दिवस के मौके पर संगठन के पूर्व नगर मंत्री/जिला संयोजक/प्रदेश कार्यकारणी सदस्य पियूष रस्तौगी ने संगठन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी या विद्यार्थी परिषद) एक ऐसा भारतीय छात्र संगठन है। जो छात्र-छात्राओं को अनुशासित करते हुए उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करता है इसकी स्थापना 1 जुलाई 1949 को संघ कार्यकर्ता बलराज मधोक की अगुआई में की गयी थी। जिसका मुख्य उद्देश ही छात्र समाज के अधिकारों की रक्षा करना था जो आज भी निस्वार्थ रूप सर निरंतर जारी है और आगे भी रहेगा। वहीं मौजूदा एबीवीपी नगर अध्यक्ष और छात्र नेता शानू शेख ने अपने विचार रखते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ) भारतीय राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध एक केंद्रीय विंग और एक स्वतंत्र अखिल भारतीय छात्र संगठन है। जो हमेशा छात्र , छात्राओं के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाता रहता है।आज ही के दिन छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना हुई थी। एबीवीपी अपने बारे में बताते हुए लिखता है कि ह्यआजादी के बाद एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण और अपनी संस्कृति को बचाए और बनाए रखने के लिए पूरे देश ने एक विकसित और मॉर्डन देश का सपना देखा। इसमें विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले युवाओं की समुचित भागीदारी के लिए 9 जुलाई 1949 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना की गई।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

संविदा चिकित्सक की नियुक्ति करना (सीएमपी)

उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय, दिल्ली मंडल में एक संविदा चिकित्सक पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, सेवा शर्तें आवेदन का प्रारूप आदि उत्तर रेलवे की वेबसाइट https://www.nr.indianrailways.gov.in दिल्ली मण्डल पर उपलब्ध है।

मण्डल कार्मिक अधिकारी / नई दिल्ली

पत्र सं.: एनआर–डीएलआईओपीईआरएस / 466 / 2020 / ०डीपीओ / ए / डीएलआई / एनआर / 22409 / पी–9 दिनांक 10.07.2024 2097/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ऑर्डर डिलीवरी के नाम पर सामान गायब करने का बनाया था प्लान, पुलिस को लग गई खबर, 4 गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




पूर्वी दिल्ली की मधु विहार थाना पुलिस ने ऑनलाइन शॉपिंग पोर्टल का सामान डिलीवरी करने वाली कंपनी के स्टाफ सहित 4 लोगों को डिलीवरी का सामान गायब करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 15 मोबाइल, एक टैब,दो कैमरा सहित कई कीमती इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद हुआ है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान नितिन गोला, ब्रजेश मौर्या, अभिषेक, और राजा कुमार के तौर पर हुई है। नितिन और ब्रजेश डिलीवरी कंपनी के स्टाफ है। आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि उन लोगों ने अपनी डिलीवरी इलाके में फर्जी पते पर कीमती इलेक्ट्रॉनिक सामान बुक कराया था, और जब उन्हें समान डिलीवर करने के लिए दिया गया तो वह लोग सामान (शिपमेंट) लेकर फरार हो गए।

डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया 19 जून को, शिकायतकर्ता शुभम शर्मा, (हब प्रभारी शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड) ने राजा कुमार नाम के नाम पर मधु विहार थाना में शिकायत दी थी। इस शिकायत में कहा था कि उनके एक कर्मचारी ने 10 लाख 25 हजार 862 रुपये के 37 कंपनी शिपमेंट के गायब कर दिए हैं। ये सूचना पुलिस थाने को दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि 15.06.24 को आरोपी ने अपना फोन बंद कर लिया था और अपने पंजीकृत पते पर नहीं रह रहा था, शिकायत प्राप्त होने पर, प्रारंभिक जांच के बाद एफआईआर दर्ज हुई और जांच शुरू की गई। अपराध की गंभीरता को देखते हुए, इंस्पेक्टर अरुण कुमार, एसएचओ मधु विहार की देखरेख में एसआई विनीत प्रताप सिंह, एचसी अमित कुमार, एचसी सचिन और एचसी हर्ष यादव की एक टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान, टीम ने तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए और कॉल डिटेल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर, टीम ने मुख्य आरोपी को सफलतापूर्वक पकड़ लिया, जिसकी पहचान राजा कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान राजा ने खुलासा किया कि उसने बृजेश मौर्य और उसके बड़े भाई अभिषेक के साथ मिलकर कंपनी को धोखा देने की साजिश रची। बाद में कंपनी का एक अन्य कर्मचारी नितिन गोला भी साजिश में शामिल हो गया।

उनकी योजना के अनुसार, उन्होंने उसी मार्ग पर उच्च-मूल्य वाले शिपमेंट बुक किए, जिसमें उसे डिलीवरी पर भुगतान किया जाना था। सभी आरोपियों ने मिलीभगत कर इन शिपमेंट को डिलीवरी के लिए राजा को सौंप दिया, जिसने बाद में उसने सभी सामान को गायब कर दिया और अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया। आरोपी राजा की निशानदेही पर बाकी तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। चौथा आरोपी राजा का बड़ा भाई है और वह पहले इन लोगों के साथ काम करता था और शिपमेंट की बुकिंग में सहायता करता था। आरोपियों की निशानदेही पर कई इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद कर लिया गया है।

# दिल्ली में 14 किमी तक दौड़ेगी रैपिड ट्रेन, जल्द होगा ट्रायल रन

नई दिल्लीं। दिल्ली के लोगों के लिए राहत भरी खबर हो सकती है। यहां 14 किमी के रन पर रैपिड ट्रेन की शुरूआत होने जा रही है। ट्रेक का काम तेजी से चल रहा है जबकि रेलवे स्टेशन का लगभग पूरा हो गया है। आरआरटीएस का दिल्ली सेक्शंन 14 किलोमीटर लंबा है। आरआरटीएस के दिल्लील सेक्शगन में 9 किलोमीटर का एलिवेटिड और 5 किलोमीटर का अंडरग्राउंड हिस्साक है। एलिवेटिड हिस्सेत के लिए वायडक्ट का निर्माण सराय काले खां स्टेहशन तक पूरा हो चुका है। यहां ट्रैक बिछाने और ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन का काम चल रहा है। न्यूं अशोक नगर रेलवे स्टैशन का काम लगभग पूरा हो चुका है। इस स्टेटशन की छत लग चुकी है और रेलवे लाइन भी बिछाई जा चुकी है। अब बस फिनिशिंग का कुछ काम ही बाकि रह गया है। न्यू अशोक विहार स्टुेशन जमीन से 22 मीटर ऊंचा है। रैपिड रेल के न्यू अशोक नगर स्टेपशन को मेट्रो स्टोशन और आसपास के इलाकों से जोड़ने के लिए फुट ओवर ब्रिज भी बनाए जा रहे हैं। इन फुट ओवर ब्रिज की मदद से रैपिड रेल स्टेशन न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टे शन, चिल्लाक गांव और मयूर विहार एक्ससटेंशन को जोड़ा जाएगा। आरआरटीएस कॉरिडोर के पहले सेक्श न, साहिबाबाद-मोदी नगर के बीच तो रैपिड रेल चलनी भी शुरू हो गई है। नई दिल्लीस में रैपिड रेल के चार स्टेबशन, आनंद विहार, न्यू अशोक नगर, सराय काले खां और जंगपुरा होंगे।सराय काले खां स्टोशन पर निर्माणकार्य तेजी से चल रहा है। छत और फिनिशिंग का काम चल रहा है। सराय काले खां स्टेशन पर चार ट्रैक और छह प्लेसटफार्म बनाए गए हैं। सराय काले खां स्टेशन के एंट्री और एग्जिट गेट को वीर हकीकत राय आईएसबीटी से जोड़ने के लिए फुटब्रिज ओर हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेकशन से जोड़ने के लिए फुटओवर ब्रिज बनेगा। दिल्लीस-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर की कुल लंबाई 82 किलोमीटर है। इसमें से 34 किलोमीटर हिस्सो पर अब रैपिड रेल यानी नमो ट्रेन चल रही है। मोदी नगर से मेरठ साउथ का 8 किलोमीटर का हिस्साल भी अब बनने ही वाला है। कुल 82 किलोमीटर में से 70 किलोमीटर हिस्साभ एलिवेटिड है। वहीं, 12 किलोमीटर हिस्से। में नमो ट्रेन अंडरग्राउंड दौड़ेगी। दिल्लीज-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर का 68 किलोमीटर हिस्सान यूपी में पड़ता है, जबकि 14 किलोमीटर दिल्लीए में है।

Public Notice

I Mr. Bhupender Kumar Sangwan& Mrs. PromilaSangwanOwner of the Residential Apartment No. 604, on 6th Floor, having its super area of 2387 sq. ft., (221.75 sq. meters), Block-C2, in the said Group Housing Complex known as Uniworld City (West), Sector-30 & 41, Tehsil Wazirabad& District Gurgaon, Haryana, I have lost Original Allotment letter & Builder buyer's agreement issued by M/s Unitech Limited to Mr. Gopi Ram son of Late Sh. RameshwarDayal, for which complaint lodged to the police. That any person(s)/Appropriate authority etc.if finds the misplaced Allotment Letter& Builder buyer's agreement aforesaid owners may come forward and inform the undersigned within 15 days from the date of Publication.If any claim of anyone against this property then he/she is free to contact the undersigned within 15 days from today. After the expiry of 15 days, the subject property shall be deemed to be free from any kind of encumbrances, claim, right, mortgage

M-NO- 7252922875
RAHUL KUMAR GUPTA
(ADVOCATE)

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, गुरुवार, 11 जुलाई, 2024

## बाढ़ जैसे हालात से निपटने के लिए युद्धस्तर पर तैयारी कर रही केजरीवाल सरकार, राजस्व मंत्री आतिशी ने लिया तैयारियों का जायजा

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**



- **वर्तमान में यमुना का जलस्तर 202.6 मीटर है, जो खतरे के निशान से बहुत नीचे है फिर भी केजरीवाल सरकार सतर्क और सचेत ताकि लोगों को परेशानी न हो-राजस्व मंत्री आतिशी**
- **यदि यमुना का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुँचता है तो उस स्थिति में सरकार की यमुना के निचले इलाकों में राहत और बचाव कार्य के लिए पूरी तरह तैयार-राजस्व मंत्री आतिशी**

केजरीवाल सरकार दिल्ली में संभावित बाढ़ को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियाँ कर रही है ताकि यदि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न भी हो तब भी लोगों की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस बाबत राजस्व मंत्री आतिशी ने बुधवार को यमुना नदी पर स्थिति पुराना लोहा पुल और यमुना बाजार इलाके में बाढ़ को लेकर संबंधित विभागों की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान राजस्व विभाग और बाढ़ एवं सिंचाई नियंत्रण विभाग के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने राजस्व मंत्री से साझा करते हुए कहा कि, बाढ़ को लेकर विभागों की तैयारियाँ पूरी है। बाढ़ की स्थिति में मोटर बोट, गोताखोर और मेडिकल टीमें किसी भी एक्शन के लिए तैयार रहेंगी। साथ ही बाढ़ की स्थिति में राजस्व विभाग द्वारा राहत शिविर लगाने संबंधित तैयारियाँ भी पूरी है।

इस मौके पर राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली में पिछले साल यमुना का जलस्तर पिछले 40 सालों में सबसे ऊपर गया था और इस कारण यमुना के निचले इलाकों में बाढ़ की समस्या आ गई थी।

इसे देखते हुए इस बार केजरीवाल सरकार ने इस साल काफी पहले से ही बाढ़ को लेकर तैयारियाँ शुरू कर दी है। ताकि यदि बाढ़ आये तो हम उससे निपटने और राहत-बचाव कार्यों के लिए तैयार रहे।

आतिशी ने कहा कि, मानसून के दौरान तेज बारिश के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में बादल के फटने जैसी स्थिति हो जाती है। इस दौरान कुछ ही समय में इतनी ज्यादा बारिश हो जाती है कि बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। ऐसे में हमने यमुना के ऊपरी हिस्सों में भी पूरी तरह नजर बनाए रखा है। ताकि दिल्ली सरकार बाढ़ के किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए तैयार रहे।

उन्होंने कहा कि, इस साल दिल्ली सरकार तैनात है, तैयार है। उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति में यदि कम समय में भी निचले इलाकों से लोगों को निकालना पड़ा तो सरकार उसके लिए भी तैयार है।

आतिशी ने कहा कि, पिछली बार यमुना का जलस्तर 208 मीटर से ऊपर गया था। वर्तमान में ये 202.6 मीटर है, जो खतरे के निशान से बहुत नीचे है। लेकिन फिर भी दिल्ली सरकार सतर्क और सचेत है। यदि बाढ़ की स्थिति बनती भी है तो हम राहत और बचाव कार्य के लिए पूरी तरह तैयार है। ताकि दिल्लीवालों को कम से कम परेशानी हो।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता ओर केंद्रीय रक्षा मंत्री माननीय श्री राजनाथ सिंह को आज उनके जन्मदिन की दी बधाई

- **उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की मंगलकामनाएं कीं, गांव की माटी के लाल हैं राजनाथ सिंह: शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय**

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**



रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने भाजपा के वरिष्ठ नेता ओर केंद्रीय रक्षा मंत्री माननीय श्री राजनाथ सिंह को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उनको आज उनके जन्मदिन की अपनी हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दी हैं। वत्स ने इस मौके पर श्री राजनाथ सिंह के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की भी मंगलकामनाएं कीं हैं। वत्स ने कहा कि श्री राजनाथ सिंह गुणी शिक्षाविद्, एवं राजनीति के धुरंधर खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने अपनी राजनीतिक पारी भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में शुरू की। राजनाथ सिंह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राज्यसभा एवं लोकसभा के सांसद, लोकसभा में डिप्टी लीडर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय परिवहन मंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री और अब वर्तमान में केंद्रीय रक्षा मंत्री के पद पर विराजमान हैं। वत्स ने कहा कि श्री राजनाथ सिंह गांव की माटी के लाल हैं। गांव, गरीब, किसान, मजदूर की उन्होंने हमेशा संसद में आवाज बुलंद की है। उनके रक्षा मंत्री रहते देश की सीमाएं सुरक्षित हैं।

## रूस के सर्वोच्च सम्मान आर्डर आफ सैंट एंड्रयू द एपोस्टल से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सम्मान भारत के 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है: शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**



रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को रुस के राष्ट्रपति माननीय व्लादिमीर पुतिन द्वारा रुस के सर्वोच्च सम्मान ह्यआर्डर आफ सैंट एंड्रयू द एपोस्टलह्न से सम्मानित किए जाने पर समूचे भारत में खुशी की लहर दौड़ गई है। शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने कहा कि यह सम्मान 140 करोड भारतीयों ओर विदेश में बसे सभी भारतवंशियों का भी सम्मान है। यह सम्मान भारत ओर रुस की प्रगाढ़ मित्रता का भी सूचक है। भारत ओर रुस के रिश्ते सदियों पुराने हैं। मुसीबत की घड़ियों में रुस भारत के साथ चट्टान की तरह अडिग खड़ा रहा है। वत्स ने कहा कि यह भारत रुस मैत्री का सबसे स्वर्णिम युग है। भारत के साथ रुस के लोगों से सांस्कृतिक रिश्तों की जड़ें भी गहरी हैं। राजकपूर और मिथुन चक्रवर्ती रुस में आज भी लोकप्रिय है। सर पे लाल टोपी रुसी फिर भी दिल है हिंदुस्तानी रुस के लोग आज भी गुनगुनाते हैं।

## ऑटो में भरकर ले जा रहा शराब, तिलक विहार में दबोचा

**संवाददाता**



तिलक विहार पुलिस चौकी की टीम ने शराब तस्करी के एक मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। और उसके पास से 700 क्वार्टर शराब का बरामद किया गया है। साथ ही तस्करी में इस्तेमाल ऑटो और फेक नंबर प्लेट को भी पुलिस ने जब्त किया है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजीव के रूप में हुई है। यह दिल्ली के विजय विहार इलाके का रहने वाला है।

एसीपी सुरेंद्र सिंह राठी की देखरेख में चौकी इंचार्ज नरेश की टीम जब पेट्रोलिंग कर रही थी। इस दौरान रात में केशवपुर मंडी के पास नाला रोड पर ख्याला की तरफ से आ रहे ऑटो पर पुलिस टीम की नजर पड़ी। शक होने पर जब पुलिस टीम ने उसे रुकवाया तो उसमें शराब की 14 पेटियां भरी हुई मिली। जिसमें से 700 क्वार्टर शराब के बरामद किए गए।

ऑटो ड्राइवर की पहचान की गई इसके खिलाफ 33 /58 दिल्ली एक्साइज एक्ट और 345 इठर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करके ऑटो और शराब को जप्त कर लिया गया। जांच में पता चला कि आरोपी पहले से भी एक्साइज एक्ट के दो मामलों में शामिल रहा है।

## रघुबीर नगर में चाकू से गोदकर युवक का मर्डर

- **पार्लर एकेडमी में काम करता था वह युवक**
- **बीती रात की वारदात, रोरो कर परिवार का बुरा हाल**
- **हत्या करके घर के इकलौते चिराग को बुझा दिया**

**संवाददाता**



पश्चिमी दिल्ली के रघुबीर नगर इलाके में एक युवक की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। यह वारदात बीती रात 10:00 बजे के आसपास हुआ है। परिवार वालों ने बताया कि उनके बच्चे को एक युवक बुलाकर बाहर ले गया था। बाद में उसे गली में ही चाकू मारने लगे, वह जान बचाने के लिए भागा। लेकिन आरोपियों ने छोड़ा नहीं और चाकू से लगातार कई बार हमले करते रहे। मृतक युवक की पहचान 23 साल के लक्ष्य के रूप में हुई है। वह पार्लर एकेडमी में काम करता था और रघुवीर नगर में परिवार के साथ रहता था।

पिता ने बताया उनके बेटे का नहीं था किसी से झगड़ा मृतक के पिता संजय ने बताया कि उनके बेटे पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया गया है। किस वजह से उसपर हमला किया गया है, यह पता नहीं चल पाया है। उनके अनुसार बेटे का किसी से कोई भी झगड़ा नहीं था और 5 दिन बाद ही उसका जन्मदिन भी था। जिस पर वह स्कूटी खरीदकर बेटे को देने वाले थे। हत्या की इस वारदात से घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवार वालों की समझ में नहीं आ रहा है कि उसके बच्चे की हत्या किस वजह से कर दी गई। जिस जगह पर चाकू से हमला किया गया है। पुलिस ने वहां से सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में ले लिया है। उस फुटेज के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त की जा रही है। परिवार वालों के अनुसार फुटेज में पुलिस को पता चला है, जिन लोगों ने उनके बच्चे पर हमला किया है।

मृतक के दोस्तों, रिश्तेदारों से कर रही है पूछताछ बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए हरीनगर के दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया गया है। पुलिस टेक्निकल सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज की मदद से फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। मौके पर सबूत जुटाना के लिए क्राइम टीम को भी बुलाया गया था। पुलिस इस मामले में मृतक युवक के दोस्तों, जानकारों, रिश्तेदारों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ करके छानबीन कर रही है।

घर का इकलौता चिराग, कमाकर परिवार चलाता था मृतक युवक लक्ष्य अकेला भाई था और उसकी एक बहन है। काम करके वही पूरा घर चला रहा था, क्योंकि पिता दिव्यांग हैं। यह सोचकर परिवार का और बुरा हाल हो रहा है, की अब आगे क्या होगा। कैसे चलेगा उनका परिवार कैसे होगा सबका भरण पोषण। किसी को कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है।

## 14 किमी तक दौड़ेगी रैपिड ट्रेन, जल्द होगा ट्रायल रन

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**



दिल्ली के लोगों के लिए राहत भरी खबर हो सकती है। यहां 14 किमी के रन पर रैपिड ट्रेन की शुरूआत होने जा रही है। ट्रेक का काम तेजी से चल रहा है जबकि रेलवे स्टेशन का लगभग पूरा हो गया है। आरआरटीएस का दिल्ली सेक्शंन 14 किलोमीटर लंबा है। आरआरटीएस के दिल्लील सेक्शगन में 9 किलोमीटर का एलिवेटिड और 5 किलोमीटर का अंडरग्राउंड हिस्साक है। एलिवेटिड हिस्सेत के लिए वायडक्ट का निर्माण सराय काले खां स्टेहशन तक पूरा हो चुका है। यहां ट्रैक बिछाने और ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन का काम चल रहा है। न्यूं अशोक नगर रेलवे स्टैशन का काम लगभग पूरा हो चुका है। इस स्टेटशन की छत लग चुकी है और रेलवे लाइन भी बिछाई जा चुकी है। अब बस फिनिशिंग का कुछ काम ही बाकि रह गया है। न्यू अशोक विहार स्टुेशन जमीन से 22 मीटर ऊंचा है। रैपिड रेल के न्यू अशोक नगर स्टेपशन को मेट्रो स्टोशन और आसपास के इलाकों से जोड़ने के लिए फुट ओवर ब्रिज भी बनाए जा रहे हैं। इन फुट ओवर ब्रिज की मदद से रैपिड रेल स्टेशन न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टे शन, चिल्लाक गांव और मयूर विहार एक्ससटेंशन को जोड़ा जाएगा। आरआरटीएस कॉरिडोर के पहले सेक्श न, साहिबाबाद-मोदी नगर के बीच तो रैपिड रेल चलनी भी शुरू हो गई है। नई दिल्लीस में रैपिड रेल के चार स्टेबशन, आनंद विहार, न्यू अशोक नगर, सराय काले खां और जंगपुरा होंगे।सराय काले खां स्टोशन पर निर्माणकार्य तेजी से चल रहा है। छत और फिनिशिंग का काम चल रहा है। सराय काले खां स्टेशन पर चार ट्रैक और छह प्लेसटफार्म बनाए गए हैं। सराय काले खां स्टे शन के एंट्री और एग्जिट गेट को वीर हकीकत राय आईएसबीटी से जोड़ने के लिए फुटब्रिज ओर हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेकशन से जोड़ने के लिए फुटओवर ब्रिज बनेगा। दिल्लीस-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर की कुल लंबाई 82 किलोमीटर है। इसमें से 34 किलोमीटर हिस्सो पर अब रैपिड रेल यानी नमो ट्रेन चल रही है। मोदी नगर से मेरठ साउथ का 8 किलोमीटर का हिस्साल भी अब बनने ही वाला है। कुल 82 किलोमीटर में से 70 किलोमीटर हिस्साभ एलिवेटिड है। वहीं, 12 किलोमीटर हिस्से। में नमो ट्रेन अंडरग्राउंड दौड़ेगी। दिल्लीज-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर का 68 किलोमीटर हिस्सान यूपी में पड़ता है, जबकि 14 किलोमीटर दिल्लीए में है।

## शराब घोटाला : धन शोधन मामले में केजरीवाल की जमानत के खिलाफ ईडी की अर्जी पर सुनवाई 15 जुलाई को

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका को 15 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचिबद्ध किया है।

उच्च न्यायालय ने पहले निचली अदालत के 20 जून के आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसके तहत केजरीवाल को मामले में जमानत दी गई थी।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा, जिन्हें याचिका पर सुनवाई करनी थी, उन्हें ईडी के वकील ने सूचित किया कि जांच एजेंसी को उसकी अर्जी पर केजरीवाल के जवाब की प्रति मंगलवार देर रात 11 बजे ही मिली और ईडी को प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए कुछ समय की जरूरत है।

वहीं, केजरीवाल के वकील ने दावा किया कि मामले के जांच अधिकारी (आईओ) को दोपहर एक बजे जवाब की प्रति सौंप दी गई थी।

केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने अदालत के सामने मामले का जिक्र करते हुए कहा कि सुनवाई के लिए निश्चित समय निर्धारित किया जाना चाहिए, क्योंकि मामले में अत्यधिक तात्कालिकता है।

हालांकि, ईडी की तरफ से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलील दी कि जांच एजेंसी को मंगलवार देर रात को ही केजरीवाल के जवाब की प्रति मिली है और उन्हें जवाब पढ़ने तथा प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए कुछ समय की जरूरत है। राजू ने कहा कि दस्तावेज मामले में पैरवी कर रहे वकील को सौंपे जाने चाहिए, न कि जांच अधिकारी को।

ईडी की दलील का विरोध करते हुए केजरीवाल के वकील ने अदालत से बुधवार को ही याचिका पर सुनवाई करने का अनुरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी मामले की सुनवाई को लटकाना चाहती है।

हालांकि, उच्च न्यायालय ने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ईडी को जवाब की प्रति मंगलवार को मिली और उसे इस पर प्रत्युत्तर दाखिल करना है। अदालत ने ईडी को प्रत्युत्तर दाखिल करने के वास्ते समय देते हुए याचिका को 15 जुलाई को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

## दिल्ली में बाढ़ से निपटने की तैयारी तेज, मंत्री ने लिया जायजा

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**

मौसम विभाग के मुताबिक अगले कुछ दिनों तक दिल्ली-एनसीआर में काफी ज्यादा बारिश हो सकती है। दूसरी तरफ पहाड़ी राज्यों में भी लगातार बारिश हो रही है। ऐसे में दिल्ली में पिछले साल की तरह ही बाढ़ की स्थिति ना बन जाए, इसके लिए दिल्ली सरकार के मंत्री विभागों के काम का जायजा लेने के लिए ग्राउंड जीरो पर पहुंच रहे हैं। दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने बुधवार को बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए लोहा पुल पर यमुना नदी और यमुना बाजार के निचले इलाके का दौरा किया। यमुना बाजार का इलाका नदी के बाढ़ क्षेत्र में आता है। यहां की ऊंचाई 205 मीटर है। यमुना नदी में जब खतरे के निशान से ऊपर पानी आता है तो यहां बाढ़ के हालात बन जाते हैं। दिल्ली सरकार ने फैसला किया है कि जब यहां जलस्तर 204 मीटर तक आ जाएगा तो मुनादी शुरू होगी और 205 मीटर जलस्तर होने पर लोगों को विस्थापित करना शुरू कर दिया जाएगा। पिछली बार अचानक जलस्तर बढ़ने से कई इलाकों में बाढ़ के हालात पैदा हो गए थे। इस बार बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए तैयारी पहले से की गई है। आतिशी ने बताया कि इस बार कई जगहों पर जोरदार बारिश हो रही है। अगर हरियाणा या हिमाचल में भी बादल फटने से बारिश होती है तो यमुना में बाढ़ की संभावना होगी। हम उन हालातों से निपटने के लिए तैयार हैं। पिछले साल यमुना का जलस्तर अप्रत्याशित रूप से 208 मीटर के ऊपर पहुंच गया था और सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इस कारण दिल्ली में बाढ़ आ गई थी।

उन्होंने बताया कि बाजार में रह रहे लोगों से भी बचाव की तैयारियों के बारे में चर्चा की गई। पिछली बार दिल्ली में 40 साल में सबसे ज्यादा जलस्तर बढ़ा था। इस बार अभी से बाढ़ की तैयारी शुरू कर दी गई है। हमने पुराना लोहा पुल के आसपास के इलाकों का निरीक्षण किया। यहां यमुना बाजार भी है, जो दिल्ली के निचले इलाकों में है। पिछली बार यह इलाका सबसे पहले बाढ़ग्रस्त हुआ था। दिल्ली सरकार पूरी तरह तैयार है, यदि हमें शॉर्ट नोटिस पर भी लोगों को बाहर निकालना पड़े तो हम तैयार हैं। अभी जलस्तर खतरे के निशान से बहुत नीचे है। लेकिन, फिर भी हम हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## हाजियों की आखिरी फ्लाइट दिल्ली पहुंची, हज सफर मुकम्मल कर वतन वापस लौटे सभी हाजी



नई दिल्ली। दिल्ली के हज यात्री हज सफर मुकम्मल कर वतन वापस लौट आए हैं। 22 जून 2024 से हज यात्रियों के वापस लौटने का सिलसिला शुरू हुआ था। 9 जुलाई 2024 को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शाम 5:00 बजे हाजियों की आखिरी फ्लाइट लैंड हुई। दिल्ली हवाई अड्डे पर दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने हाजियों के अंतिम काफिले का स्वागत किया और हाजियों को हज सफर पूरा कर वतन वापसी पर उन्हें मुबारकबाद दिया।

दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी के मुताबिक इस साल भारत से कुल 1,39,964 हज यात्री हज सफर पर रवाना हुए थे। जबकि दिल्ली हज एंबारकेशन पॉइंट से 16,456 हज यात्रियों ने हज सफर की शुरूआत की थी। सभी हाजी सुरक्षित वतन वापस लौट आए हैं। हज सफर 2024 के मुकम्मल होने के बाद अब हज सफर 2025 की जल्द तैयारी शुरू की जाएगी। दिल्ली से हज सफर के लिए कुल 46 उड़ने रवाना हुई थी। कुल 16,456 हज यात्री सऊदी अरब के पवित्र शहर मदीना और मक्का पहुंचे। जिसमे पुरुष हज यात्रियों की संख्या 8611, महिलाएं 7754, बच्चों की संख्या 35 और शिशुओं की संख्या 12 है। जबकि बिना मेहरम के हज यात्रा पर जाने वाली महिलाओं की संख्या 53 थी। दिल्ली के कुल 6 क्षेत्रों के लिए हज एंबारकेशन पॉइंट हैं। चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली के हाजियों के लिए दिल्ली हज एंबरकेशन पॉइंट है।

## भाजपा में शामिल हुए आप विधायक और पूर्व मंत्री

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक करतार सिंह तंवर और पूर्व विधायक राज कुमार आनंद मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले आनंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में मंत्री थे। आबकारी मामले में आप संयोजक की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। पटेल नगर सीट से पूर्व विधायक आनंद के साथ उनकी पत्नी वीणा आनंद भी भाजपा में शामिल हुईं। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की मौजूदगी में इन नेताओं ने केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी का दामन थामा।

## सौ जिंदा कछुए के साथ तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली। शाहदरा जिले की गीता कॉलोनी पुलिस ने मंगलवार को 100 जिंदा कछुए के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर की पहचान उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित गढ़मुक्तेश्वर निवासी भीम के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि गीता कॉलोनी पुलिस को मंगलवार को इलाके में कछुआ की तस्करी करने वाले एक बदमाश के आने की सूचना मिली। इसके आधार पर पुश्ता रोड गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के नीचे और राजाराम कोहली मार्ग स्थित साई मेमोरियल पब्लिक स्कूल के पास पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया। दोपहर करीब सवा एक बजे पुलिस को एक संदिग्ध स्कूटी सवार शकरपुर की ओर से एक बड़े बैग के साथ आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो बैग में कछुए मिले। उसे गिरफ्तार कर वन विभाग को मामले की जानकारी दी गई। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपने सहयोगी रवि भटनागर के साथ मिलकर काफी समय से तस्करी कर रहा था। उसने बताया कि इन कछुओं को गढ़ गंगा से पकड़ा है। आरोपी रवि के खिलाफ गाजियाबाद के नंदग्राम में कछुओं की तस्करी का मामला दर्ज है। पुलिस रवि की तलाश कर रही है।

## महिला की मौत के बाद जीटीबी अस्पताल के चिकित्सकों पर हमले के आरोप में परिजनों पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**



दिल्ली के एक सरकारी अस्पताल में प्रसव के बाद सर्जरी के दौरान महिला की मौत होने के बाद हंगामा करने और चिकित्सकों तथा कर्मचारियों पर हमला करने के आरोप में मृतका के परिवार के सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना मंगलवार को सुबह पूर्वी दिल्ली के शाहदरा इलाके में स्थित गुरु तेग बहादुर अस्पताल (जीटीबी) में हुई।

रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, हथियार लिए हुए 50 से 70 लोगों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया, संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और चिकित्सकों तथा कर्मचारियों पर हमला किया। बयान में कहा गया कि सोमवार की रात को बच्चे को जन्म देने के बाद अस्पताल में भर्ती महिला की सर्जरी के दौरान मौत हो गई जिससे गुस्साए उसके परिजनों ने मंगलवार को सुबह चिकित्सकों पर हमला कर दिया।

पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि मंगलवार देर रात अस्पताल प्रबंधन की ओर से शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद भारतीय न्याय संहिता की धारा 221 (लोक सेवक के कार्यों में बाधा डालना) और 132/3 (5) (लोक सेवक पर उसके के काम में बाधा डालने के लिए हमला करना या आपराधिक बल का प्रयोग करना) के तहत मामला दर्ज किया गया।

चौधरी ने बताया कि मंगलवार को सुबह जीटीबी एन्क्लेव थाने में अस्पताल से सूचना प्राप्त हुई कि एक मृतक मरीज के तीमारदार अस्पताल में हंगामा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू किया।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपियों की पहचान महिला के पति जुबैर (20), जुबैर के भाई मोहम्मद शोएब (24) और महिला के पिता मोहम्मद नौशाद (57) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित कर दी गई है। इसी बीच, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज (यूसीएमएस) और जीटीबी अस्पताल के सीनियर और जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों का कहना है कि हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अस्पताल में पुख्ता सुरक्षा प्रबंध की मांग की जा रही है। हड़ताल के दौरान वे सिर्फ आपातकालीन सेवाओं के लिए उपलब्ध रहेंगे।

आरडीए अध्यक्ष डॉ. नितीश कुमार ने एक बयान में कहा, चिकित्सकों की हड़ताल तब तक जारी रहेगी, जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं। इसमें कहा गया है, चिकित्सक आरोपियों की गिरफ्तारी, बाउंसर की तैनाती के साथ सुरक्षा को मजबूत करने, अस्पताल के गेट पर तीमारदारों को प्रतिबंधित करने, हर 4-5 घंटे में नियमित पुलिस गश्त और आपातकालीन सेवा क्षेत्र में पैनिक बटन लगाने आदि की मांग कर रहे हैं।

## अवमानना के दोषी व्यक्ति को अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक अदालत में बैठे रहने का आदेश

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**



दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक याचिकाकर्ता को अवमानना का दोषी पाते हुए सजा के तौर पर उसे अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक वहीं बैठे रहने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता ने अनधिकृत निर्माण का आरोप लगाते हुए एक याचिका दाखिल की थी, जिसे वापस लेने के लिए वह दूसरे पक्ष से रुपये लेने को तैयार हो गया था और इसलिए उसे अवमानना का दोषी पाया गया।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि 62 वर्षीय याचिकाकर्ता ने ह्यअपने निजी लाभ के लिए न्यायिक प्रणाली का फायदा उठाने की कोशिशह्न के रूप में अदालत का रुख किया। अदालत ने उसे दिल्ली उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के खाते में एक लाख रुपये जमा करने को भी कहा है। अदालत ने कहा कि वह अवमानना के दोषी की चिकित्सा स्थिति और उम्र के कारण सजा पर नरम रुख अपना रही है। आरोपी ने अपने आचरण के लिए अदालत से माफी भी मांगी।

उच्च न्यायालय ने कहा कि अवमानना का कानून अदालत के अधिकार और गरिमा की रक्षा के लिए कार्य करता है और याचिकाकर्ता को न्यायालय की अवमानना अधिनियम की धारा 12 के तहत अदालत की अवमानना का दोषी पाया है।

पीठ ने पांच जुलाई को पारित अपने आदेश में कहा, बात यह है कि अवमानना का दोषी रिट याचिका वापस लेने के लिए प्रतिवादियों से बातचीत कर उनसे रुपये ऐंठने के लिए तैयार था, इसलिए अदालत इस कृत्य को अवमाननापूर्ण मानती है। यह न्यायालय की प्रक्रिया की घोर अवहेलना और दुरुपयोग दशार्ता है, जिसे अदालत माफ नहीं कर सकती। पीठ में न्यायमूर्ति अमित शर्मा भी शामिल थे।

अदालत ने आदेश दिया, न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति के ऐसे आचरण को नजरअंदाज नहीं किया जा सकताइसलिए अवमानना करने वाले व्यक्ति को आज (शुक्रवार) अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक अदालत में ही बैठे रहने की सजा सुनाई जाती है। इसके अलावा दोषी को दिल्ली उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति में एक लाख रुपये की राशि जमा करनी होगी।

अवमानना के दोषी ने 2021 में बुराड़ी में कुछ जमीनों पर अनधिकृत निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए एक याचिका दाखिल की थी। इसके बाद, अनधिकृत निर्माण करने वाले पक्षों में से एक कथित पक्ष ने दावा किया कि याचिकाकर्ता ने रिट याचिका वापस लेने के लिए 50 लाख रुपये की मांग की।

